# सेनेटाइज्ड की गयीं मलिन बस्तियां

शाहजहांपुर, 29 अप्रैल (तरुणमित्र)। कोविड-19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त के निर्देष के क्रम में नगरीय क्षेत्र,शाहजहाँपुर सीमान्तर्गत कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा बृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य किया गया, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियो में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया है। जिसके दृष्टिगत गुरुवार को सहायक नगर आयुक्त रष्मि भारती द्वारा मो0 सदर बाजार, रामनगर कालोनी, गदियाना, एमनजई जलालनगर, अशोक बिहार कालोनी, सुभाशनगर, लाला तेली बजरिया,



लोधीपुर, मुल्लाखेल, गौहरपुरा, बक्सरियाँ, चौक में व्यापक स्तर कराये जा रहे सेनेटाइजेशन कार्य को अपनी देख-रेख में कराया गया। इसी क्रम में नगर आयुक्त के निर्देष पर सहायक नगर आयुक्त अगंद गुप्ता द्वारा नगर क्षेत्र में सराय काईयां, अहमदपुर रेती, गढ़ी गाडीपुरा, ख्वाजा फिरोज, रोजा आर्दष नगर कालोनी, रोशनगंज,, अजीजगंज, गर्रा फाटक, अब्दुल्लागंज, रंगमहला में अपनी उपस्थिति में सेनेटाइजेशन के कार्य को वृहद स्तर पर कराया।

इस अभियान में 60 वार्डो के 32 से अधिक मोहल्लों में 9565 से अधिक घरों व मार्गों को 02 बड़े स्प्रै वाहनों, 21 हैण्ड होल्ड स्प्रैयर सेनेटाईज किया गया। सेनेटाईजेशन के कार्य में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार, हरिवंष दीक्षित, राजमंगल सिंह, सी0बी0 सागर एवं सुनील कुमार शाक्य, उपस्थित रहे।